HAMIRPUR POLICE

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

थाना कोतवाली नगर **दिनांक- 13.05.2026**

प्रेस नोट

थाना कोतवाली नगर पुलिस, एसओजी/ सर्विलांस सेल के संयुक्त प्रयास से अन्तर्राज्यीय GST चोरी करने वाले गिरोह के वांछित सदस्य को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के कुशल नेतृत्व में अपराध नियन्त्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस, एसओजी/ सर्विलांश सेल के संयुक्त प्रयास से मु0अ0सं0 228/2025 धारा 318(4),319,338/336 (3)/340(2) बी0एन0एस0 व 132(1) क, ख, ग,ठ (3) केन्द्रीय माल एवं सेवाकर अधिनियम थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर से सम्बन्धित अन्तर्राज्यीय स्तर पर बोगस फर्म से सम्बन्धित फर्जी GST आवेदन कूटरचित दस्तावेज के आधार पर, GST के माध्यम से बिना वास्तविक माल का क्रय विक्रय किये, ITC पासऑन कर चोरी करने वाले गैंग के अपराधी **निशान्त झा पुत्र सुदिष्ट झा** को दिनांक 12.05.2026 को थाना स्थानीय पर कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया।

उपरोक्त अभियुक्त व उसके साथियों द्वारा मुकदमें में नामित आरोपी विजय पुत्र सुरेश कुमार सविता निवासी ग्राम रिंगना कारीमाटी थाना कोतवाली नगर हमीरपुर के आधार कार्ड, पेन कार्ड, फोटो, विद्युत विल धोखे से नौकरी के नाम पर प्राप्त करना और उक्त दस्तावेज के आधार पर फर्जी GST रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन के माध्यम से पेन कार्ड से सम्बन्धित हस्ताक्षर बनाकर आवेदन फॉर्म में कूटरचना करने के डिजिटल साक्ष्य लैपटाप में पाये जाने व विजय से सम्बन्धित फर्म V.Y. ट्रेडर्स से बिना वास्तविक माल के खरीद बिक्री किये जाने वाले **फर्म प्रजापति ट्रेडर्स** प्रोपाइटर लक्ष्मण प्रजापति पुत्र रामराज प्रजापति निवासी ग्राम गंगेरवा थाना भालेसुल्तान जनपद अमेठी से एयरपोर्ट में नौकरी के नाम पर दस्तावेज मंगवाना एवं उन्हीं प्रपत्रों के आधार पर करीब **2000 फर्जी GST कम्पनियों** का रजिस्ट्रेशन कूटरचना कर अभियुक्त **निशान्त झा** व इसके सहयोगियो द्वारा लाभ प्राप्त करने की नियत से फर्जी GST कम्पनी बनाने के साक्ष्य के आधार पर करीब **07 करोड़ रूपये** से अधिक की ITC (INPUT CREDIT CARD) का पासऑन करते हुए राजकीय सम्पत्ति को क्षतिकारित करने के साक्ष्य आरोपी के विरूद्ध पाये गये हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त -

निशान्त झा पुत्र सुदिष्ट झा स्थायी पता ग्राम केवटा थाना कलवटी जनपद मधुबनी राज्य बिहार व वर्तमान पता M 2nd, F-10C गली नम्बर 06 संगम बिहार अस्थल मन्दिर थाना नेबसराय साउथ दिल्ली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः

1. उ0नि0 हर्षवीर सिंह (थाना कोतवाली नगर)
2. उ0नि0 कृष्ण देव त्रिपाठी (एसओजी/सर्विलांस सेल)
3. का0 रवि पटेल (एसओजी/सर्विलांस सेल)
4. का0 नसीम (थाना कोतवाली नगर)